an>

Title: Need for proper rehabilitation of employees of Instrumentation Limited, Kota, Rajasthan.

श्री ओम बिरला (कोटा) ः कोटा (राजस्थान) स्थित इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड (आई.एल.) को बंद करके इसकी समस्त देनदारियों को चुकाने का निर्णय गत 30 नवम्बर, 2016 की कैबिनेट बैठक में लिया गया। उत्पन्न परिस्थितियों की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। कंपनी में कार्यरत लगभग 440 कर्मचारियों को भी सेवामुक्त किया जाना है, जिससे उनकी बेरोज़गारी का संकट है।

मेरा सरकार से आग्रह है कः-

1. सेवानिवृत्त कर्मचारियों का बकाया वेतन, एरियर, ग्रेच्युटी, पी.एफ. आदि का भुगतान निश्चित समयावधि में हो जाए।

2. ऐसे कर्मचारी जिनका सेवाकाल 10 वर्ष या उसके अधिक शेष है, को उनकी योग्यता के अनुसार भारत सरकार के अन्य राजकीय उपक्रमों में समायोजित किया जाए।

3. इंस्ट्रेमेंटेशन लिमिटेड लगभग 181 एकड़ भूमि पर अवस्थित है। 55 एकड़ भूमि पर फैक्ट्री तथा 123 एकड़ भूमि पर कॉलोनी विद्यमान है।

राजकीय उपक्रम के बंद हो जाने पर इस अवसंरचना का उपयोग कर कोई राजकीय उपक्रम खुले या कोई उच्च तकनीकी शिक्षण संस्थान खुले ताकि कोटा-हाडौती के अंदर नए रोज़गार सृजित हो सकें।